बिहार सरकार

कला एवं संस्कृति विभाग

संकल्प

विषयः– ''हर घर तिरंगा अभियान 2026'' के सफल आयोजन हेतु ₹ 6,12,00,000/– (छः करोड़ बारह लाख रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर दिनांक– 09.08.2026 से 17.08.2026 तक राज्य एवं जिला स्तर पर ''हर घर तिरंगा अभियान 2026'' आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष अभियान का मुख्य विषय **राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम्'' की 150वीं वर्षगांठ** है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

2. ''हर घर तिरंगा अभियान 2026'' के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन, राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित करना, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक संस्थानों में देशभक्ति आधारित कार्यक्रम आयोजित करना, युवाओं एवं आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना तथा राज्य स्तर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराया जाना है।

साथ ही इस अभियान के तहत वंदे मातरम् थीम पर आधारित देशभक्ति तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा एवं वंदे मारतम् पर प्रदर्शनी, तिरंगा रैली/यात्रा, ''सेल्फी विद तिरंगा'' अभियान, तिरंगा थीम पर आधारित प्रकाश सज्जा तथा वंदे मातरम् थीम पर आधारित तिरंगा रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीत, वंदे मातरम् का सामूहिक गायन, सरकारी भवनों का त्रिवर्णीय प्रकाशांकन, जनजागरूकता कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाना है।

3. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अनुरोध के आलोक में दिनांक–14.08.2026 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदर्शनी, लघु फिल्मों का प्रदर्शन, नाटक का आयोजन, कैंडल लाईट श्रद्धांजलि, मौन मार्च आदि का आयोजन किया जाना है।

4. उपर्युक्त के आलोक में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना द्वारा ''हर घर तिरंगा अभियान 2026'' के अंतर्गत राज्य स्तर, जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निम्नवत राशि की स्वीकृति प्रदान किया जाना हैः–

क्र०	मद	राशि
(i)	534 प्रखंडों को राष्ट्रीय ध्वज क्रय एवं वितरण हेतु (₹ 1,00,000/–प्रति प्रखंड की दर से)	₹ 5,34,00,000/–
(ii)	38 जिलों को जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु (₹1,00,000/–प्रति जिला की दर से)	₹ 38,00,000/–
(iii)	राज्य स्तरीय तिरंगा कंसर्ट कार्यक्रम हेतु	₹ 25,00,000/–
(iv)	विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम हेतु	₹ 15,00,000/–
	कुल–	₹ 6,12,00,000/–

नोट– प्रत्येक प्रखंड को ₹ 1,00,000/–(एक लाख रूपये) मात्र की दर से राशि उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है, जिससे लगभग 4000 राष्ट्रीय ध्वज प्रति प्रखंड क्रय कर वितरण किए जा सकेंगे। इस प्रकार राज्य के 534 प्रखंडों हेतु लगभग 21.36 लाख राष्ट्रीय ध्वजों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

5. बजट की उपलब्धता– व्यय का विकलन मांग संख्या–08, मुख्य शीर्ष–2205–कला एवं संस्कृति–उप मुख्य शीर्ष–00–लघु शीर्ष–102–कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन–उपशीर्ष–0101–कला और संस्कृति का संवर्द्धन, विपत्र कोड–08–2205001020101, विषय शीर्ष–2002–कॉन्फ्रेंस, कार्यशाला, सेमिनार मद में उपबंधित राशि से होगा।

6. उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में ''हर घर तिरंगा अभियान 2026'' के सफल आयोजन हेतु ₹ 6,12,00,000/– (छः करोड़ बारह लाख रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान करने के प्रस्ताव पर दिनांक–05.08.2026 को मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या–17 में स्वीकृति प्राप्त है।

आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराया जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभाग/पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जाय।

बिहार के राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–

(रूबी)

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–2/वि.60–84/2022–...../पटना, दिनांक ...../2026

प्रतिलिपि– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–2/वि.60–84/2022–...../पटना, दिनांक ...../2026

प्रतिलिपि– प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग को हार्ड कॉपी एवं सी0डी0 के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–2/वि.60–84/2022–...../पटना, दिनांक ...../2026

प्रतिलिपि– महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–2 / वि.60–84 / 2022–1038 / पटना, दिनांक 10/08 / 2026

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, बिहार / विकास आयुक्त बिहार / सभी विभाग के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी, बिहार / संयुक्त सचिव / सभी निदेशक / सभी पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक / महाप्रबंधक, बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित निगम लि0, पटना / सचिव, बिहार संगीत नाटक अकादमी, पटना / सचिव, बिहार ललित कला अकादमी, पटना / प्रशासी पदाधिकारी, भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना / निदेशक, मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी / सभी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, बिहार / आई0टी0 प्रबंधक, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना (विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/8/26

सरकार के अपर सचिव।